चूरू में तहसील स्तरीय दिव्यांग शिविर प्रशासन की लापरवाही का शिकार बना

चूरू, (कासं)। चूरू पंचायत समिति परिसर में आयोजित दिव्यांगजनों के चिन्हीकरण शिविर में भारी अनियमितताएं देखने को मिली। यह बात प्रातः 10 बजे की बजाय दोपहर 12 बजे तक भी शिविर शुरू नहीं होने से साबित भी हो गई है।

कलेक्टर और सरकार के निर्देशों की तो जमकर धज्जियां उड़ाई गई। टेंट के दाम हजम करने के लिए अधिकारियों और चिकित्सकों के बैठने की व्यवस्था हॉल में कर दी गई जबकि दिव्यांगजन नीचे ही बैठे रहने को मजबूर रहे। दिव्यांगों के लिए बैठने के अलावा पेयजल की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई। परेशान दिव्यांगों ने अख्तर खान रुकनखानी, ओम प्रकाश कस्वां, समाज सेवी महबूब खान आदि संस्थाओं के प्रतिनिधियों के नेतृत्व में जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। चिकित्सकों व अधिकारियों की शिविर में गैरमौजूदगी के कारण दूर दराज से आए दिव्यांगों को बहुत परेशानी हुई। मीडिया कर्मियों के पहुंचने के बाद तहसीलदार मौके पर पहुंचे लेकिन परेशान दिव्यांग जनों ने अधिकारियों को बाहर बैठाने या उन्हें अंदर पहुंचाने की व्यवस्था करने की मांग की। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग से जारी सूचना के अनुसार प्रातः 10 बजे शुरू होना था। जबकि तहसीलदार ने कहा कि शिविर शुरू होने का समय 11 बजे का था। इन दोनों में कौन सही है और कौन गलत है, यह अलग से जांच का विषय है। बाद में एसडीएम सत्यनारायण सुथार भी शिविर में आए। शिविर में दिव्यांगों की पहचान कर दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये जाने थे। दिव्यांगों को किसी उपकरण की आवश्यकता का चिन्हीकरण किया जाना था। दिव्यांग तो निर्धारित समय पर पहुंच गए लेकिन यह काम करने वाले अधिकारियों का कोई अता-पता ही नहीं था। लोहसना बड़ा निवासी मनीष कुमार प्रजापत ने बताया कि 4 साल से उसका यू डी आई टी कार्ड नहीं बन रहा है। लादडिया निवासी श्योपाल मेघवाल ने बताया कि 15000 रुपए खर्च करने के बाद भी आज तक उसका दिव्यांग प्रमाण पत्र नहीं बना। इस कारण से उसे पेंशन भी नहीं मिलती है।

चूरू तहसील के दिव्यांगजनों के चिन्हीकरण शिविर के प्रातः 10 बजे की बजाय दोपहर 12 बजे तक भी शुरू नहीं होने और भारी अनियमितताओं के खिलाफ दिव्यांगों ने प्रदर्शन किया।

- दिव्यांग बाहर नीचे ही बैठे रहने को मजबूर रहे, पेयजल की भी कोई व्यवस्था नहीं की गई
- दिव्यांगों ने की जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी

वार्ड नंबर 24 चूरू निवासी धनराज मेघवाल ने बताया कि उसे 2 साल बाद भी नई बैसाखी व ट्राई साइकिल नहीं मिली है। इसी प्रकार सिरसला निवासी राजेंद्र सिंह राठौड़, लोहसना बड़ा निवासी राम कुमार प्रजापत आदि भी अधिकारियों की लापरवाही के कारण परेशान हुए। शिविर समाप्त होने से पहले यहां प्रधान दीपचंद राहड़ और मनोरोग चिकित्सक के बीच जमकर फ-फा हुई। इस संबंध में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग चूरू के सहायक निदेशक अरविंद कुमार ओला ने कहा कि सारी जिम्मेवारी एसडीएम को सौंपी गई थी। समय पर शिविर की तैयारियां पूरी नहीं की गई और आनन-फानन में शिविर आयोजित किया गया। ओला ने कहा कि उन्हें भी इसकी शिकायतें मिल रही है। वे कुछ नहीं कर सकते। व्यवस्था की जिम्मेवारी तो एसडीएम की है। सामाजिक कार्यकर्ता देवेन्द्र जोशी ने कहा कि दिव्यांग लोगों को विशेष वर्ग में रखा गया है। उनके साथ इस तरह का व्यवहार न केवल निंदनीय है बल्कि इन अधिकारियों को सजा भी मिल सकती है।

लाइब्रेरी खोलने के लिये प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

मोहता पी.जी. महाविद्यालय में मांग को लेकर छात्र संघ अध्यक्ष दीपक पूनियां के नेतृत्व में छात्रों ने प्राचार्य पी.एस. राठौड़ को ज्ञापन सौंपा।

सादुलपुर, (निसं)। मोहता पी.जी. कॉलेज में नवनिर्मित लाइब्रेरी व गर्ल्स कॉलेज में एक अलग से लाइब्रेरी का निर्माण कराने एवं संघटक महाविद्यालयों में लाइब्रेरी जल्द शुरू करने एवं कक्षाओं को प्रारंभ करने की माग को लेकर प्राचार्य पी.एस. राठौड को ज्ञापन सौंपा।

इसी दौरान कॉलेज के छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक पूनियां ने बताया कि कॉलेज में लाइब्रेरी बंद पडी है, उसे जल्द शुरू किया जाए तथा लाइब्रेरी में पाठ्यक्रम की पुस्तकें जो नहीं हैं, वो उपलब्ध करवाई जाए। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें भी उपलब्ध करवाने की माँग की। छात्रसंघ अध्यक्ष पूनियां ने चेतावनी दी है कि कॉलेज प्रशासन को 7 दिवस का समय दिया है, अगर कॉलेज प्रशासन उक्त समयावधि में उक्त माँगों को नहीं मानता है तो छात्र आंदोलन का रास्ता अपनायेंगे। वहीं छात्रसंघ अध्यक्ष पूनियां ने जल्द ही महाविद्यालय में आ रही विभिन्न प्रकार की समस्याओं को शामिल किया जाने की मांग की। ज्ञापन देने के दौरान ममता स्वामी, लक्ष्मी, अनुष्का, योगेश, आबिद मुगल, साहिल, तनवीर, अयूब चौहान व अब्बास चौहान आदि छात्र उपस्थित रहे।

पायलट के आव्हान पर गायों के लिए 50 क्विंटल से अधिक औषधि वितरित की: महनसरिया

चूरू में राजस्थान वरिष्ठ नागरिक बोर्ड सदस्य एवं पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया ने (बीच में) राजीव गांधी की जयंती पर शुरू हुए गोवंश को बचाने के अभियान के संबंध में जानकारी दी।

- राजस्थान वरिष्ठ नागरिक बोर्ड सदस्य एवं पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की

चूरू, (कासं)। राजस्थान वरिष्ठ नागरिक बोर्ड सदस्य एवं पूर्व सभापति गोविन्द महनसरिया ने गौवंश में फैली लंपी बीमारी पर गहरी चिंता प्रकट करते हुए यहां आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि इसके समाधान के लिये आमजन को आगे आकर गौवंश की सेवा करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट की प्रेरणा से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती 20 अगस्त 2022 से महनसरिया परिवार की ओर से एक माह से चलाये जा रहा यह अभियान ईश्वर की मर्जी तक लगातार जारी रहेगा। महनसरिया ने अभियान की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अब तक 50 क्विंटल से अधिक ओषधि युक्त बाजरे की रोटी एवं लड्डू दवाईयां व अन्य खाद्य सामग्री हजारों गौवंश को खिलाकर उन्हें बचाने का प्रयास विभिन्न गांवों व शहरों में किया गया है।

इस मौके पर पूर्व पार्षद ताराचंद बांठिया, किसान नेता अमर सिंह दनेवा, आसाराम बसेर, महिला कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुनीता बाकोलिया, ज्योति सिंह, सुशीला तुलसियान, अनीश खान, छात्रसंघ महासचिव हेमंत सैनी, दिनेश लाटा आदि उपस्थित थे।

रामस्वरूप अध्यक्ष व भंवरलाल उपाध्यक्ष बने

चूरू, (कासं)। सातड़ा ग्राम सेवा सहकारी समिति चुनाव का चुनाव संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि गुलाराम मेघवाल, सुभाष न्यौल, विधावती न्यौल, मदनलाल पूनिया, विमलादेवी बुडानिया, दौलतराम न्यौल, विजयपाल शर्मा, कैलाशदान चारण, शिशपाल मेघवाल व माईदान मीणा आदि सदस्य की सर्वसम्मति से रामस्वरूप चौधरी को अध्यक्ष व भंवरलाल सिहाग को उपाध्यक्ष को निर्विरोध मनोनित किया गया। समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों का पूर्व प्रधान रणजीत सातड़ा व करणी सिंह रायपुरिया ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर रणजीत सातड़ा ने बताया कि इन चुनावों के माध्यम से ग्रामीणजन सहकारिता को मजबूत करने का कार्य करते हैं। इस अवसर पर करणीसिंह रायपुरिया, बिहारीलाल बरोड़, शंकरलाल नेहरा, सुखदेव न्योल, धन्नाराम सहू, चेतनराम सिहाग, राकेश न्योल, गीधाराम न्योल, नागरमल शर्मा, पूर्णाराम बरोड़, रामवतार न्योल, रूपचंद, राजपाल न्योल, गिरधारीलाल, लक्ष्मणराम न्योल, शीशराम भगत, विद्याधर शर्मा, गोपीराम न्योल, मोहनराम रोलन, रामस्वरूप मेघवाल सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे। सरपंच बिदावती देवी ने शांतिपूर्ण चुनाव के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

ब्लाइंड मर्डर का एक आरोपी गिरफ्तार व एक बाल अपचारी निरुद्ध

पाटन, (निसं)। नीमकाथाना के भूदोली रोड पर स्थित कबाड़ा के गोदाम पर चौकीदार की हत्या के प्रकरण में कोतवाली पुलिस थाना नीमकाथाना ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है तथा एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है।

पुलिस निरीक्षक लक्ष्मीनारायण ने बताया की पुलिस अधीक्षक सीकर कुंवर राष्ट्रदीप के निर्देशानुसार विशेष टीमें गठित की गई जिसमें रतन लाल भार्गव अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना व गिरधारीलाल शर्मा उप पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना के मार्गदर्शन पर पुलिस निरीक्षक लक्ष्मी नारायण के सुपरविजन में कठिन परिश्रम व मेहनत कर जानकारी जुटाई गई जिसपर एक आरोपी अंकित वर्मा व एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया। थाना अधिकारी लक्ष्मीनारायण ने जानकारी देते हुए बताया कि 31 अगस्त को देवेंद्र पुत्र रणजीत सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी भूदोली ने सदर थाना नीमकाथाना में रिपोर्ट दर्ज कर अवगत करवाया कि मेरे पिता रणजीत सिंह निवासी भूदोली नूरदीन के कबाड़ के गोदाम में रात्रि की चौकीदारी करते थे। किसी व्यक्ति द्वारा मेरे पिताजी के सिर व मुंह पर हथियारों से चोट मारकर हत्या कर दी है। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

नीमकाथाना कोतवाली थाना पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

तकनीकी एक्सपर्ट व एक्सपर्ट पुलिसिंग द्वारा आरोपी अंकित वर्मा व बाल अपचारी की पहचान की गई। अंकित वर्मा को गिरफ्तार किया गया व बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया। दोनों से अनुसंधान जारी है। पूछता से लूटपाट व चोरी के इरादे से घटना कारित करना पाया गया। घटना में प्रयोग लिया गया लोहे का पाइप व मृतक का मोबाइल बरामद कर लिया गया है। मुलजिम को पकड़ने में कांस्टेबल संजय व रामसिंह डीएसटी टीम सीकर की विशेष भूमिका रही है। गठित टीम में हेड कांस्टेबल सदीक मोहम्मद, गिरधारी लाल, कांस्टेबल जगवीर सिंह, अशोक, हंसराज, सतीश शामिल रहे।

चिकित्साकार्मिकों को शपथ दिलवाई

रतनगढ़, (निसं)। प्रदेश में निरोगी राजस्थान अभियान के तहत वेक्टरबोर्न बीमारियों के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु 26 सितम्बर से 21.10.2022 तक हमारा स्वास्थ्य हमारी जिम्मेदारी अभियान चलाया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि मौसमी बीमारीयों में मच्छर जनित रोग, डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, जीका, स्वाईन फ्लू, स्कबटाईफस व जलजनित बीमारीयों के प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय अन्तरविभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मौसमी बिमारीयों के नियंत्रण हेतु निदेशालय से प्राप्त विभाग वार विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारीयों के बारे में उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा0 देवकरण गुरावा ने पीपीटी प्रेजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार से बताया। प्रत्येक विभाग को दी गई जिम्मेदारी हेतु सही से पूर्ण करने हेतु पांबद किया साथ ही शहर में फोगिंग हेतु वार्ड वाईज माईक्रोप्लान तैयार करने के निर्देश दिये। प्रत्येक रविवार को 30 मिनिट मलेरिया डेंगू पर वार (प्रातः 8 बजे से 8:30 बजे तक) सूखा दिवस मनायें जाने की आमजन से अपील की। इस दौरान चिकित्सा विभाग के कार्मिको को हमारा स्वास्थ्य हमारी जिम्मेदारी की शपथ दिलाई गई।

सिद्धमुख बालिका विद्यालय में किशोरी मेले का आयोजन किया

सिद्धमुख बालिका उच्च विद्यालय में आयोजित किशोरी मेले का प्रधानाचार्य ममता वर्मा एवं उपस्थित स्टाफ ने अवलोकन किया।

सादुलपुर, (निसं)। श्री चनानी राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सिद्धमुख में गुरूवार को राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर एवं मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी चूरु के आदेशानुसार किशोरी मेले का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च माध्यमिक वर्ग की सभी छात्राओं के लिए अलग-अलग जोन निर्धारित किए गए तथा हिंदी व अंग्रेजी जॉन में चार्ट व मॉडल द्वारा प्रस्तुति दी गई।

गणित व विज्ञान जॉन में कार्यात्मक मॉडल प्रोजेक्ट, चार्ट आदि का छात्राओं द्वारा शानदार प्रदर्शन किया गया। विज्ञान, सामाजिक विज्ञान वर्ग में समसामयिक पक्ष में बाल अधिकार, कोरोना संकट, कैरियर की तैयारी संबंधी मॉडल तैयार किए गए। साथ ही गृह विज्ञान विषय में चांदनी चौपडा के विशेष योगदान से बालिकाओं ने हस्तकला, क्ले आर्ट, खाने की स्टाल का बेहतर प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य ममता वर्मा द्वारा सभी स्टॉल का अवलोकन किया गया एवं प्रभारी प्राध्यापकों के साथ-साथ बालिकाओं का मनोबल बढाया और उन्हें जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ने जंबूरी तैयारी बैठक ली

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में जंबूरी बैठक का आयोजन सीडीईओ पितराम सिंह काला, डीईओ सैकंडरी शिक्षा सुभाष ढाका एवं सहायक राज्य संगठन आयुक्त मान महेंद्र सिंह भाटी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

जंबूरी बैठक में सीबीईओ झुंझुनूं महेंद्र सिंह जाखड़, सीबीईओ चिड़ावा कैलाशचंद्र, सीबीईओ बुहाना जगवीरसिंह, सीबीईओ सूरजगढ़ सिहराज सिंघल, एडीईओ एलीमेंट्री उम्मेदसिंह महला, एसीबीईओ मंडावा दामोदरप्रसाद जांगिड़, एसीबीईओ उदयपुरवाटी बृजलाल, एसीबीईओ चिड़ावा क्याम अली, एडीसी गाइड सुनिता कृष्णियां, दुर्गा चौधरी, राजबाला ढाका सहित 60 स्काउटर गाइडर उपस्थित रहे। सीओ गाइड सुभिता कुमारी महला ने बताया कि 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी चार से 10 जनवरी 2023 को निंबली ब्राह्मणान रोहट पाली में आयोजत होगी। राष्ट्रीय जंबूरी में 13 से 17 वर्ष तक के स्काउट गाइड सहभागिता कर सकते है। जंबूरी में 1500 विदेशी स्काउट गाइड के साथ भारतवर्ष से 35 हजार स्काउट गाइड भाग लेंगे। राजस्थान से 11 हजार स्काउट्स गाइड्स की सहभागिता रहेगी। झुंझुनूं जिले से 370 स्काउट गाइड एवं अधिकारीगण जंबूरी में सहभागी होंगे। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पितराम सिंह काला ने उपस्थित सभी सीबीईओ एवं एसीबीईओ को अपने ब्लॉक से जंबूरी के लिए चयनित ठ्रुपों को तैयारी के साथ सम्मिलित कर जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निर्देशित किया एवं शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय जंबूरी में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन देते हुए कहा कि निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर द्वारा पूर्व में राष्ट्रीय जंबूरी के लिए आदेश प्रसारित किए जा चुके है।

महलाना ग्राम सेवा सहकारी समिति के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न

ग्राम सेवा सहकारी समिति महलाना के निर्विरोध निर्वाचित सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत करते ग्रामीणजन।

- मानसिंह राठौड़ अध्यक्ष व ओमप्रकाश धेतरवाल उपाध्यक्ष निर्वाचित

सादुलपुर, (निसं)। ग्राम सेवा सहकारी समिति महलाना उतरादा के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए। जिसमें मानसिंह राठौड को अध्यक्ष एवं ओमप्रकाश धेतरवाल को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया।

इसके अलावा बनवारीलाल नायक, सुमन कंवर, नानूराम पूनियां, राजवीर गोस्वामी, राजेराम सहारण, सांवरमल शर्मा, रीतू कंवर, रामचन्द्र पूनियां, श्रवणसिंह राठौड व श्रीचन्द नायक को सदस्य चुना गया। इस मौके पर पूर्व सरपंच भैरोसिंह राठौड, जीताराम जान्दू, पूर्व पंचायत समिति सदस्य रामनिवास खींचड, पंचायत अध्यक्ष मोहन मेघवाल, धमेन्द्र पूनियां, हनुमान शर्मा, श्योलाल सिंह राठौड, प्रताप गोस्वामी, रतीराम सहारण, महेन्द्र सिंह शेखावत, भगवान सिंह राठौड, प्रहलाद जान्दू, पालाराम नायक, औंकार सिंह राठौड, कृष्ण धेतरवाल आदि ग्रामवासियों ने सभी निर्वाचित सदस्यों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया तथा मिठाईयां बाँटकर निर्वाचन मण्डल से ग्राम सेवा सहकारी समिति में कार्य करने का आव्हान किया।

लंपी की रोकथाम के लिये कृष्ण गौशाला समिति से गोवंश के टीकाकरण शुरू

रतनगढ़, (निसं)। राज्य सरकार व पशुपालन विभाग के निर्देशानुसार चूरु जिले में सर्वप्रथम तहसील के ग्राम लोहा की श्री कृष्ण गौशाला समिति में एक सौ गोवंश को लपी स्किन डिजीज की रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया।

टीकाकरण का शुभारंभ उपखंड अधिकारी विजेंद्रसिंह चाहर, पशुपालन विभाग के ब्लॉक नोडल अधिकारी हुंणताराम मीणा, रतनगढ़ नागरिक परिषद के कार्यकारिणी सदस्य मुरारीलाल शर्मा व मुख्य सदस्य एडवो. रजनीकांत सोनी, सरपंच भंवरलाल पूनिया की उपस्थिति में हुआ। नोडल अधिकारी ने बताया कि लंपी बीमारी की तहसील में 30 अगस्त के बाद तेजी से कमी हो रही है और अधिकतर पशु भी रिकवर हो चुके हैं। आज जो टीकाकरण हुआ है ।उस गौवंश की 7 से 10 दिन तक निगरानी रखी जाएगी। पशु के बुखार, खाना आदि का पूरा ध्यान रखा जाएगा। उसके पश्चात टीकाकरण का कार्य तेज गति से किया जाएगा।

चूरू जिले में सर्वप्रथम तहसील के ग्राम लोहा की श्री कृष्ण गौशाला समिति में एक सौ गोवंश को लंपी स्किन डिजीज की रोकथाम के लिए टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया।

रतनगढ़ नागरिक परिषद के माध्यम से जालान ट्रस्ट ने जो सराहनीय सहयोग दिया आभार प्रकट किया। उपखंड अधिकारी चाहर ने कहा कि तहसील से बीमारी काफी कम हो गई है, पशुधन को राहत मिली है। अब सरकार के निर्देशानुसार टीकाकरण का कार्य शुरू हो गया है। ग्राम की गौशालाए गौ सेवकों को जोड़कर गौशालाओ का विकास करे गौ माताओं की सेवा करे। नागरिक परिषद की मुरारीलाल शर्मा एडवोकेट रजनीकांत सोनी ने अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए उन्हें पुष्प माला पहनाकर शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया और कहा कि परिषद गौ माता की सेवा हेतु सदैव तैयार है।

इस अवसर पर परिषद के मुरारीलाल शर्मा ने गौशाला के गौ सेवकों का भी दुपट्टा ओढ़ाकर नगद धनराशि देकर सम्मान किया। टीकाकरण शुभारंभ पर डॉ हीरालाल, प्रमोद, सुभाष व सुनील तमोली, पशुधन सहायक नारायण, अशोक, लीलाधर, हसन, पूनम, आशा, निशा, आरती, भारती, क्षमा, निकिता ,परिषद के कमलेश तापड़िया, ग्राम के राजेश रुलानिया, गौशाला के अध्यक्ष हरिराम बुडानिया, कन्हैयालाल स्वामी सहित अनेकों ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुकेशसिंह व ओम सारस्वत ने किया।

आरोप को तीन साल का कारावास

सुजानगढ़, (निसं)। अवैद्य शराब रखने के 12 साल पुराने प्रकरण में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत अग्रवाल ने आरोपी विजयसिंह को तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। अभियोजन अधिकारी महेश नेहरा ने बताया कि साण्डवा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के गांव जीली से पर्वतसिंह के मकान से 48 कार्टून अवैद्य देशी शराब बरामद की, जबकि आरोपी विजयसिंह मौके से फरार हो गया। जिसे पुलिस ने बाद में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया तथा उसके खिलाफ एसीजेएम कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया। एपीपी नेहरा ने बताया कि अभियोजन की ओर से कुल 14 गवाहों के बयान करवाए गए तथा कुल 17 दस्तावेज न्यायालय में प्रदर्शित किए गए। अभियोजन की ओर से न्यायालय में उच्चतम न्यायालय एवं उच्च न्यायालय के न्यायिक निर्णय भी पेश किए गए। एसीजेएम नवनीत अग्रवाल ने सभी पक्षों को सुनते हुए आरोपी विजयसिंह को तीन वर्ष के कारावास एवं 20 हजार रूपये के जुर्माने की सजा से दण्डित किया है। अदम अदायगी नहीं होने पर तीन माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है।

डॉ. तान्या का एशिया के सबसे बड़े प्राइवेट अस्पताल में चयन

सादुलपुर, (निसं)। शहर के सुप्रसिद्ध अस्पताल जैन अस्पताल के डॉ. दंपति की पुत्रवधू डॉ. तान्या का एशिया के प्राइवेट सेक्टर के सबसे बडे हस्पताल 'अमृता हॉस्पिटल' फरीदाबाद में कंसलटेंट रेडियोलॉजिस्ट एवं इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट के पद पर चयन हुआ है। जैन अस्पताल के चिकित्सक दंपति डॉ. विनोद अग्रवाल व डॉ. उर्मिल अग्रवाल की पुत्रवधू उदीयमान प्रतिभा डॉ. तान्या प्रारंभ से ही होनहार छात्रा रही हैं, तथा डॉ. तान्या ने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस से एमबीबीएस की डिग्री हासिल की उसके बाद वहीं से अखिल भारतीय परीक्षा पी.जी.में प्रथम प्रयास में ही रेडियोलॉजिस्ट विशेषज्ञ में चयन हो गया।

डॉ. तान्या

प्रतिभा की धनी डॉ. तान्या ने एसजीपीजीआई लखनऊ से वासकूलर इंटरवेंशनल रेडियोलॉजी में पीडीसीसी कोर्स किया तथा इंस्टीट्यूट आफ लिवर एंड वायलियरी साइंसेज नई दिल्ली से हेपेटो बैलियरी इंटरवेंशनल रेडियोलॉजि मे पीडीसीसी कोर्स किया। डॉ. तान्या की इस उपलब्धि पर राजगढ शहर के डॉ. समाज ने उन्हें अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दीं एव. उज्जवल भविष्य की कामना की। जिनमें जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा, डॉ. शांति कुमार किशनपुरिया, डॉ. रामकुमार घोटड.,डॉ. मोहन लाल मीणा, डॉ. जय लखटकिया, डॉ सत्यनारायण शांडिल्य, डॉ. हरीराम सतवाला रोहिल्ला, डॉ. विजय लक्ष्मी, डॉ. हरिशरण शांडिल्य, डॉ.विनोद जाखड, देशराज सिंह सोलंकी सहित अनेकों प्रबुद्ध जनों एवं सामाजिक संगठनों ने डॉ. तान्या की इस उपलब्धि पर उन्हें हार्दिक बधाई दी है।